रसायन विज्ञान और भौतिक विज्ञान में पदार्थ (matter) उसे कहते हैं जो स्थान घेरता है व जिसमे द्रव्यमान (mass) होता है। पदार्थ और ऊर्जा दो अलग–अलग वस्तुएं हैं। विज्ञान के आरम्भिक विकास के दिनों में ऐसा माना जाता था कि पदार्थ न तो उत्पन्न किया जा सकता है, न नष्ट ही किया जा सकता है, अर्थात् पदार्थ अविनाशी है। इसे पदार्थ की अविनाशिता का नियम कहा जाता था। किन्तु अब यह स्थापित हो गया है कि पदार्थ और ऊर्जा का परस्पर परिवर्तन सम्भव है। वह पदार्थ और ऊर्जा एक ही चीज है– जब तक कि पदार्थ प्रकाश वर्ग की गति से यात्रा करता है। यूरेनियम या प्लूटोनियम की थोड़ी सी मात्रा, बड़े–बड़े परमाणु विस्फोट कर प्रलय ला सकती सकती है, दर्शाता है कि पदार्थ की छोटी मात्रा में भी कितनी ऊर्जा है। आइंस्टीन के समीकरण $E=mc^2$ ने परमाणु ऊर्जा और परमाणु चिकित्सा से लेकर सूर्य की आंतरिक कार्यप्रणाली को समझने तक, कई तकनीकी प्रगति के द्व ार खोल दिए।जब प्रकाश वर्ग के द्रव्यमान और गति को गुणा किया जाता है, तो वे

ऊर्जा के समान इकाई देते हैं– जूल। इस प्रकार, $E=mc^2$ विमीय रूप से सही है।

मूलकण

दुनिया में मौजूद सभी चीजों का निर्माण कणों से हुआ है। कणों ने मिलकर चीजों को बनाया। हमारे ब्रह्मांड में मौजूद सभी चीजें ऐटम से मिलकर बनी हैं। एक ऐटम इलेक्ट्रॉन, न्यूट्रॉन और प्रोटॉन नाम के तीन कणों से बना होता है। ये कण भी सबऐटॉमिक पार्टिकल से मिलकर बने होते हैं जिनको क्वार्क कहा जाता है। प्रोटॉन और न्यूट्रॉन जैसे कणों में द्रव्यमान यानी वजन होता है जबकि फोटॉन में नहीं होता है। हिग्स बोसोन सिद्धांत के मुताबिक, बिग बैंग के तुरंत बाद किसी भी कण में कोई वजन नहीं था। जब ब्रह्मांड ठंडा हुआ और तापमान एक निश्चित सीमा के नीचे गिरता चला गया तो शक्ति की एक फील्ड (हिग्स फील्ड) पूरे ब्रह्मांड में बनती चली गई। उस फील्ड के अंदर बल था, उन फील्ड्स के बीच कुछ कण थे, और जब कोई कण हिग्स फील्ड के प्रभाव में आया तो हिग्स बोसोन के माध्यम से उसमें वजन आ गया। जो कण सबसे ज्यादा प्रभाव में आता है, उसमें सबसे ज्यादा वजन होता है और जो प्रभाव में नहीं आता है, उसमें वजन नहीं होता है। निर्जीव और जीव की रचना में भार या द्रव्यमान का खास महत्व है। भार या द्रव्यमान वह चीज है जिसको किसी चीज के अंदर रखा जा सकता है। अगर कोई चीज खाली रहेगी तो उसके परमाणु अंदर में घूमते रहेंगे और आपस में जुड़ेंगे नहीं। जब परमाणु आपस में जुड़ेंगे नहीं तो कोई चीज बनेगी नहीं। जब भार आता है तो कण एक–दूसरे से जुड़ता है जिससे चीजें बनती हैं। ऐसा मानना है कि इन कणों के आपस में जुड़ने से ही चांद, तारे, आकाशगंगा और हमारे ब्रह्मांड की अन्य चीजों के साथ साथ पदार्थ, जीव–बनस्पति, इत्यादि का निर्माण हुआ है। अगर कण आपस में नहीं मिलते तो इन चीजों का अस्तित्व नहीं होता और कणों को आपस में मिलाने के लिए भार जरूरी है।

भौतिकी में मूलकण (elementary particle) वे कण हैं, जिनकी कोई उपसंरचना ज्ञात नहीं है। यह किन कणों से मिलकर बना है, अज्ञात है। मूलकण ब्रह्माण्ड की आधारभूत संरचना है, समस्त ब्रह्माण्ड इन्ही मूलभूत कणों से मिलकर बना है। कण भौतिकी के मानक मॉडल (standard model) के अनुसार क्वार्क, लेप्टॉन और गेज बोसॉन मूलकण है।

क्वार्क एक प्राथमिक कण है तथा यह पदार्थ का मूल घटक है। क्वार्क एकजुट होकर सम्मिश्र कण हेड्रॉन बनाते है, परमाणु नाभिक के मुख्य अवयव प्रोटॉन व न्यूट्रॉन इनमें से सर्वाधिक स्थिर हैं। नैसर्गिक घटना रंग बंधन के कारण, क्वार्क ना कभी सीधे प्रेक्षित हुआ न ही एकांत में पाया गया; केवल हेड्रॉनों (अंग्रेज़ी: hadron) के भीतर पाये जा सकते है, जैसे कि बेरिऑनों (उदाहरणार्थः प्रोटान और न्यूट्रान) और मेसॉनों के रूप में। कण भौतिकी में, हैड्रॉन एक मिश्रित कण है जो क्वार्कों से मिलकर बनता है। हैड्रॉन में क्वार्क तीव्र बलों द्वारा संयुक्त किये गये रहते हैं, जैसे अणु परस्पर विद्युतचुम्बकीय बलों के कारण आपस में जुड़े रहते हैं। वे सभी कण जो एक क्वार्क व एक एन्टी–क्वार्क से मिलकर बनते हैं मेसॉन (mason) कहलाते हैं। ब्रह्माण्ड में १४० से अधिक मेसॉन का अस्तित्व है। इनका सांख्यिकीय व्यवहार बोसॉन होता है। पॉयन pion (ud-), केऑन kaon (su–), रो rho (ud-), बी–शून्य B-zero (db–), इटा–सी eta-c (cc–) इनके उदाहरण है। आधुनिक काल में इनकी खोज भारतीय वैज्ञानिक डॉक्टर होमी जहांगीर भाभा ने की थी। लेप्टॉन फर्मिऑन होते हैं जिनकी प्रचक्रण १/२ होती है। गेज बोसॉन (gauge boson) एक बोसॉनिक कण है जो प्रक्रिति के मूलभूत बलो के वाहक की भूमिका निभाता है अर्थात यह एक प्रकार का बल वाहक कण (force carrier particle) है।

पदार्थ कण और ऊर्जा कण

साधारणतया ब्रह्माण्ड मे दो तरह के कणो की कल्पना की गई है, एक 'पदार्थ कण' (matter particle) और दूसरा 'ऊर्जा कण' (energy particle)। पदार्थ कण वे कण है, जिसका द्रव्यमान होता है, जो जगह घेरता है, जो पॉली के अपवर्जन सिद्धान्त का पालन करते है और यह फर्मिऑन कहलाते है। इसके विपरीत, ऊर्जा कण का द्रव्यमान नही होता है, स्वाभाविक रूप से यह जगह भी नहीं घेरता है, ना ही यह पॉली के अपवर्जन सिद्धान्त का पालन करने के लिए बाध्य है, यह बोसान कहलाते हैं। ब्रह्मांड में हर जो चीज अस्तित्व में है हिग्स बोसोन उसे रूप और आकार देता है। उसमें समूचे ब्रह्मांड को तबाह–बरबाद करने की क्षमता है, अत्यंत उच्च ऊर्जा स्तर पर हिग्स बोसोन अस्थिर हो सकता है। इससे प्रलय की शुरुआत हो सकती है। हिग्स क्षमता की विशिष्टता है कि यह 100 अरब गीगा इलेक्ट्रॉन वोल्ट पर अत्यंत स्थिर हो सकती है, इसका यह अर्थ हो सकता है कि वास्तविक वैक्यूम का एक बुलबुला प्रकाश की गति से फैलेगा जिससे ब्रह्मांड में ला सकता है और हम उसे आते हुए नहीं देखेंगे।

पदार्थ की अवस्थायें (States of

matter) वह विशिष्ट रूप हैं, जो कोई पदार्थ धारण या ग्रहण कर सकता है। ऐतिहासिक संदर्भ मे, इन अवस्थाओं का अंतर पदार्थ के समग्र गुणों के आधार पर किया जाता था। शरीर के निर्माण को भी पंचतत्व– आकाश, अग्नि, पृथ्वी, जल, वायु– को माना गया जब की पदार्थ के निर्माण संघटक अणु को परमाणु और परमाणु को भी इलेक्ट्रान, न्यूट्रॉन और प्रोटोन के समामिलन कहते हुए स्पष्ट स्वीकार किया गया है की इलेक्ट्रान–न्यूट्रॉन–प्रोटोन से भी परे इनके अलग अलग संघटक नहीं हैं निश्चित रूपसे नहीं कहा जा सकता। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह की प्रत्येक जीवित अजीवित वस्तु के प्रत्येक कोशिकाओं के अंदर ठोस–तरल–गैस, को प्रत्येक सेल में कैसे बांध कर रखा गया है और किसने– कौन सी शक्ति ने बांधकर रखा है?

इसी से "अजीवात् जीवोत्पत्ति" प्रतिपादित होता है। उस अज्ञात शक्ति को परमात्मा के नाम देते हुए, हमारे पूर्वजों ने कृतज्ञता हेतु अपने संतति को निरंतर स्मरण योग्य ऋग्वेद (दशममण्डल १२१) में निम्न दश हिरण्य गर्भ सूक्त– पहले नौ में प्रत्येक के अंत में **" कस्मै देवाय हविषा विधेम"** कहते हुए और दशवें में प्रजापति ब्रह्म को समर्पित करते हुए वर्णित किये :– **१. "हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।। स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां" :** सृष्टि के आदि में था हिरण्यगर्भ ही केवल जो सभी प्राणियों का प्रकट अधीश्वर था। वही धारण करता था पृथ्वी और अंतरिक्ष, २. "य आत्मदा बलदा यस्य विश्व उपासते प्रशिषं यस्य देवाः।। यस्य छायामृतम् यस्य मृत्युः" : आत्मा और देह का प्रदायक है वही जिसके अनुशासन में प्राणी और देवता सभी रहते हैं मृत्यु और अमरता जिसकी छाया प्रतिबिम्ब हैं, ३. "यः प्राणतो निमिषतो महित्वै क इद्राजा जगतो बभूव।। यः ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः" : प्राणवान् और पलकधारियों का महिमा से अपनी एक ही है राजा जो संपूर्ण धरती का स्वामी है जो द्विपद और चतुष्पद जीवों का, ४. "यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुद्रं रसया सहाहुः।। यस्येमाः प्रदिशो यस्य बाहू" : हिमाच्छन्न पर्वत ये महिमा बताते हैं जिसकी, नदियों सहित सागर भी जिसकी यश–श्लाघा है, जिसकी भुजाओं जैसी हैं दिशायें शोभित, ५. "येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृळहा येन स्वः स्तभितं येन नाकः।। यो अंतरिक्षे रजसो विमानः" : गतिमान अंतरिक्ष, जिसमें धरती संधारित है आदित्य और देवलोक का जिसने है किया स्तम्भन, अंतरिक्ष में जल की जो संरचना करता है, ६. "यं क्रन्दसी अवसा तस्तभाने अभ्यैक्षेतां मनसा रेजमाने।। यत्राधि सूर उदतो विभाति" : सबकी संरक्षा में खड़े आलोकित द्यावा पृथ्वी अंतःकरण में हैं निहारा करते जिसको, जिससे उदित होकर सूरज सुशोभित है, ७. "आपो ह यद् बृहतीर्विश्वमायन् गर्भं दधाना जनयन्तीरग्निम्।। ततो देवानाम् समवर्ततासुरेकः" : अग्नि के उद्घाटक और कारण हिरण्यगर्भ के भी एक वह देव, तब प्राणरूप से जिसने की रचना जल में जब सारा संसार ही निमग्न था, ८. "यश्चिदापो महिना पर्यपश्यद् दक्षं दधाना जनयन्तीर्यज्ञम्।। यो देवेष्वधि देवः एक आसीत" : महा जलराशि को जिसने निज महिमा से, लखा यज्ञ की रचनाकारी प्रजापति की संधारक जो देवताओं के मध्य जो अद्वितीय देव है, ९. "मा नो हिंसीज्जनिताः यः पृथिव्या यो वा दिव सत्यधर्मा जजान।। यश्चापश्चन्द्रा बृहतीर्जजान.." कस्मै देवाय हविषा विधेम" : पीडित करे न हमें धरती का है निर्माता जो सत्यधर्मा वह जो अंतरिक्ष की रचना करता पैदा की है जिसने विस्तृत सुख सलिल– राशि आओ, उस देवता की हम उपासना हवि से करें।" के साथ अंतिम दशवाँ श्लोक : १०. "प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परि ता बभूव।। यत् कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं सरयाम पतयो रयीणाम्।।" : हे प्रजापति ! तुम्हारे सिवा किसी और ने जन्म ली हुई इन सभी चीजों को शामिल नहीं किया है। जब हम आपको अर्पण करते हैं, तो हम जो चाहते हैं, उसे अपना होने दें। हम धन के स्वामी होंगे।

ॐशान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

बाबा विश्वनाथ

ले. कर्नल भूपेन्द्र सिंह क्षेत्री

यह सम्पूर्ण लेख एक सत्य गा. था है, यह मेरे साथ घटित एक वर्णन है। इसमें अंश भर भी मिलावट या काल्पनिक कथन नहीं है। मैं साक्षी मान कर कहता हूँ कि यह शतः–प्रतिशतः सत्य व मेरे ऊपर घटित वर्णन है।

हुआ यूँ कि मैं अपने मित्र डॉक्टर सच्चिदानन्द पी.एच.डी, आई.आ. ई.टी. कानपुर के इलेक्ट्रीकल विभाग के प्रोफेसर होने के साथ–साथ आई.आ. ई.टी. कानपुर के डीन ऑफ रिर्स्च एवं डेवलेपमेन्ट के पद से भी सुशोभित थे। मुझे उनके साथ बनारस विश्वविद्यालय जिसे काशी विश्वविद्यालय के नाम से भी जाना जाता है, जाने का शुभ अवसर मिला। यह समय था जनवरी 2001 का और डॉ. सच्चिदानन्द जी को कोई शिक्षा सम्बन्धित विशेष कार्य हेतु विश्वविद्यालय मे जाना था। वे काशी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र भी थे, व उन्होंने विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रीकल इन्जीनियरिंग की विद्या भी ग्रहण की थी। चूँकि वे पूर्व छात्र भी थे व आई.आई.टी. कानपुर के प्रोफेसर होने के साथ–साथ बहुत ही महत्वपूर्ण पद पर भी आशित थे, तो एकेडेमिक विषय के आदान–पदान के लिए आना–जाना लगा रहता था। मैं उनके घनिष्ठ मित्रों में से एक होने के नाते हम दोनों की खूब जमती थी, वर्तालाप करने से बहुत आनन्द आता था व यात्रा भी बहुत सुखदः व रमणीय होती थी। हम दोनों ने बहुत यात्राएँ सा. थ–साथ की थीं। परन्तु यह यात्रा मेरे जीवन में एक विशेष स्थान रखती हैं, जिसका मैं विवरण करके पाठकों के साथ साझा करना चाहता हूँ।

जनवरी 2001 की बात है। शरद ऋतु के कारण, सुबह काम थोड़े विलम्ब से शुरु होते थे, व शाम के वक्त सुरज जल्दी ढ़ल जाता था। दिनभर हम लोगों से मिटिंग–सेमिनार, विषय वस्तु पर विच. ार विमर्श होता रहता था। चूँकि मैं आर्मी विभाग से सम्बन्ध रखता था, तो मैं आ. मतोर पर चुपचाप मुक दर्शक होकर विषय वस्तु का लुत्फ लेता रहता था। ऐसे ही दो–तीन दिन निकल गये। अब अगले दिन वापस जाने का समय आ गया। चूँकि मैं काशी में आया हूँ, बाबा विश्वनाथ जी के दर्शन के बिना मेरा वापस जाना, मेरे सनातन विचार को बिलकुल भी नहीं मान रहे थे। साथ ही मेरे मित्र की समय शुचि इतनी ज्यादा व्यस्त थी कि सारा समय निकला हुआ पता ही नहीं चला। शाम को चाय के समय मैंने डॉ.सच्चिदानन्द जी से कहा कि बन्धु बहुत हो गया है। कल सुबह निकल रहे हैं। बाबा के दर्शन किये बिना निकलना मेरे लिए कतई उचित नहीं है। अब समय निकालो और चलते हैं, दर्शन के लिए। उसी शाम को डॉ. सच्चिदान. न्द जी को किसी सेमिनार में उपस्थित होना अनिवार्य था। डॉ. सच्चिदानन्द जी के सहपाठी डॉ. कपुर जी जो कि इसी विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रीकल विभाग में प्रोफेसर थे, उनको सेमिनार से अनुपस्थित करके, विनम्र होकर मेरे को बाबा के दर्शन के लिए नियुक्त किया गया। मैं और डॉ. कपुर जी टेक्सी में बैठकर विश्वनाथ जी के मन्दिर के लिए निकल पड़े। शाम का समय था। हम ट्रेफिक में फँस गयें, और मन्दिर के कपाट बन्द होने का समय आ गया। अब हम बाबा विश्वनाथ मन्दिर के ठीक ऊपर वाले सड़क पर थे। यदि हम सड़क के साथ–साथ घुम कर मन्दिर के लिए जाते हैं, तो समय पर पहुँचना अति कठिन था। कपाट बन्द होने पर दर्शन कर पाना असम्भव सा लग रहा था।

डॉ. कपुर ने मन्दिर के ठीक ऊपर टेक्सी को रोका। मुझे कहा कि जुते उतार कर टेक्सी में रख दो। मोजे पहने रखो। उन्होंने भी जुते उतारे और हम दोनों टे. क्सी से नीचे उतर गये। डॉ. कपुर ने टे. क्सी ड्राइवर को टेक्सी लेकर नीचे मन्दिर प्रवेश द्वार में इन्तजार करने को कहा और मुझे इशारा करके एक छोटी–सी गली की ओर आने को कहा। डॉ. कपुर ने कहा कि अब हम सीढ़ियों के रास्ते नीचे सीधे मन्दिर की ओर तेजी से चलते हैं। उन्होंने मुझे आगाह किया कि चुपचाप सीढ़ियों से तेजी के साथ नीचे उतरना है, और चेता. वनी भरी शब्दों में कहा कि न तो रुकना है और ना ही किसी से कोई बात करनी

है और ना ही किसी से उलझना है। बस सीधे तेजी के साथ सीढ़ियों से भागते हुए नीचे जाना है।

सीढ़ियाँ बहुत ही संर्कीण व एक ही लाइन में सीधी नीचे की ओर जा रही थीं। मैने गिनती तो नहीं की, परन्तु शायद तीस के करीब स्टेप रहें होंगे। हमारे बायें हाथ की ओर सीढ़ियों के साथ–साथ कुछ मुसलमान लोग बैठे हुए थे। अन्दर कमरों में उनके परिवार वालों की चहल–पहेल चल रही थी। बच्चे खेल रहे थे। औ. रते खाना वगेहरा बना रहीं थीं। बुजुर्ग मुसलमान सीढ़ियों के पास अन्दर की ओर बैठे हुए थे। सीढ़ियाँ चढ़ने–उतरने के लिए खुली थीं। हमारे दाहिने हाथ के तरफ सीढ़ियाँ खुली व कोई पकड़ने आदि के लिए सपोर्ट नही था। थोड़ी भी चुक होने पर तीस–चालीस फीट नीचे गिरना व दुर्घटना होने की पुरी सम्भ. ावना थी और दाहिने हाथ की ओर करीब तीस–चालीस फीट लम्बे–लम्बे लोहे के पानी वाले छः–सात इंच मोटे पाइप, लोहे के एक–दो इंच मोटी व चौड़ी पत्तियों से वेल्ड करके बांस के लट्ठे के समान खड़ी करके रखी हुई थी। यानि कि किसी वस्तु को लोहे के लट्ठों से अच्छी तरह ढ़क कर रखा हुआ था।

जैसे ही हम दोनों सीढ़ियों से दौड़कर नीचे उतर रहे थे, उन मुसलमानों में एक हलचल–सा मच गया। परन्तु जब तक वे कुछ समय पाते, हम तलहटी में पहुँचकर एक बहुत बड़े कमरे में प्रवेश कर चुके थे। यह बहुत बड़ा कमरा प्राचीन हिन्दू वास्तु कला के अर्न्तगत बनाया जैसा प्रतीत लगता है। इस बड़े कमरे के मध्य में एक विशालकाय काले पत्थर का जुगाली करता हुआ नन्दी स्थापित था। हम दोनों ने एक द्वार से वहाँ प्रवेश किया और दुस. रा द्वार ठीक पहले द्वार के सामने से आगे प्रवेश करने पर हम दोनों बाबा विश्वनाथ जी के गर्भ गृह में पहुँच गये। दोनों प्रवेश द्वार में कोई कपाट या दरवाजा नहीं था। इस प्रकार हम दोनों गर्भ गृह में पहुँच गये।

मन्दिर का कपाट बन्द हो चुका था। केवल पुरोहित, शिष्य एवं अनुयायी मन्दिर, शिवलिंग, नन्दी आदि का स्नान व धुला. ई– सफाई का काम बहुत तेजी से व श्रद्ध ापूर्वक सुचारू रूप से लग्न होकर चल रहा था। जैसे ही मुख्य पुरोहित की नजर हम दोनों पर पड़ी वे गुस्से से आग–बबुला हो उठे। उनके एक हाथ में एक लीटर पानी वाला तांबे का लोटा था, और दूसरे हाथ में एक इंच मोटाई वाली रबड़ की पाईप, जिससे पानी डालकर सफाई का काम चल रहा था। थोड़े समय के लिए मुख्य पुरोहित खड़े हो गये और हमारे ऊपर सवालों का बौछार शुरु कर दिया। कहाँ से आयें, क्यों आये आदि–आदि?

इससे पहले डॉ. कपुर कुछ बोल पाते मैंने कहा महाराज गलती हो गयी। बस बाबा का दर्शन करना है। बाबा की कृपा से दर्शन हो गयी। बस कुछ पानी शिवलिंग के ऊपर से लेकर पन्च स्नान करना है। बस चले जायेंगे। पाईप से उन्होंने शिवलिंग पर पानी डाला और बोले लो, मरो व जाओ। श्रद्धापूर्वक हम दानों ने पानी लिया। पन्च स्नान किया। थोड़ा पानी चन्द्रामृत स्वरूप समझ कर पी लिय. ा। सन्तुष्टि की अनुभूति का अनुभव किया। अब मुख्य पुरोहित थोड़े शान्त नजर आये। मैंने अपने दोनों पैर से ऊपर से भीगे हुए मोजों के पानी का निचोड़ने का अभिनय किया और विन्रम भाव से पुरोहित जी से पूछा कि यदि आपका गुस्सा शान्त हो गया है तो एक सवाल पुछुं। पुरोहित जी ने मेरी आँख से आँख मिलाकर गुस्से के भाव में कहा, मरो, पूछो?

मैंने पुरोहित जी से पूछा, महाराज नन्दी सदैव शिवलिंग की तरफ एक टक लगाकर देखता रहता है। यह शिवलिंग यहाँ है, जिसको आप धो रहे हैं, स्नान करा रहे हैं। और अन्दर जो विशालकाय नन्दी है वह तो उन लोहों के लट्ठों की ओर देख रहा है। यह इस अतिविशिष्ठ शिवालय की अति विचित्र रहस्य का कारण क्या है?

बस मेरा इतना कहना क्या था कि पुरोहित दोबारा आग–बबुला हो गया। उसने वह एक लीटर के तांबे का लोहा, व एक इंच मोटी रबड़ की पानी का पा. ईप को जमीन में पटक कर मारा, लोटा टन–टन–टन करता हुआ लोट–पोट होने लगा, व एक इंच मोटी पानी की पाइप सांप के समान पानी के तेज बहाव के कारण फर्स में रेगने लगा। हम दोनों का हाथ पकड़कर पास में एक हरे रंग के ग्रेनाइट के बेंच में बैठाया और कहा सुनों और कुछ करने का वादा है, तो बाबा विश्वनाथ से वादा करो कि कैसे बाबा को इस पड़ताड़ना से मुक्ति मिले।

जो बात पुरोहित जी ने उन पाँच मिनटों में बताया वे रोगंटे खड़े कर देने वाली हैं। ये जो शिवलिंग जिसे धोया जा रहा है व जो बाहर बरामदे में छोटा सा नन्दी है, ये दोनों सांकेतिक हैं। असली नन्दी जिनका तुम दोनों ने दर्शन किया

वह अन्दर बैठा हुआ है। असली शिवलिंग लोहे के पाईप के पीछे की ओर अन्दर ढका हुआ है। यह विशालकाय नन्दी उस लोहे की पाइप का हटने की प्रतिक्षा कर रहा है, कौन हटायेगा? माँ के लाल की प्र. तीक्षा हो रही है। कौन लायेगा ऐसे माँ के लाल को जो बाबा को मुक्ति दिलायेगा? भारत स्वतन्त्र हो गया। स्वतन्त्र भारत ने बाबा विश्वनाथ को लोहे के लट्ठों से जकड़ दिया। नन्दी एक टक नजर लग. ाकर देख रहा है। पुरोहित जी ने मन्दिर के विध्वंस होने की तिथी से आज तक (जनवरी 2001) की सम्पूर्ण व्यथा का वर्णन किया। मैं ठहर गया। मैं मूकदर्शक होकर पुरोहित जी की ओर देखता रह गया। मेरी आँखें गुस्से व ग्लानी से भर आये। मैंने पूरे के पूरे आँसु अन्दर ही अन्दर पी लिया। एक भी बूँद आँसू को झलकने नहीं दिया। पुरोहित जी ने जोर देकर मुझसे सवाल किया। है हिम्मत? है हिम्मत? है हिम्मत कुछ कर गुजरने की? पुरोहित जी मेरे आँख में आँख डालकर बार–बार पूछते रहे। मैं अपनी दोनों मुट्ठी जोर–जोर से बन्द कर रहा था। मेरे जबड़े जकड़ रहे थे। मैं निशब्दः–सा हो गया था। अन्त में मैंने अपने दोनों जकड़ी हुई मुट्ठियों को खोला, जबड़े को धीरे–धीरे खोला। पुरो. हित जी के सामने दोनों हाथ जोड़ कर रुधाँले शब्दों में सहस करके कहा कि मैं, बाबा विश्वनाथ जी से प्रार्थना अर्चना करता हूँ कि मैं सदैव प्रयासरत रहूँगा और प्रार्थना याचना करता रहूँगा कि हे प्रभु इस भारत में लोह पुरुष पैदा कर जो इस विषम कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न करे। प्रार्थना में शक्ति होती है। यह मेरा अटूट विश्वास है।

इस घटना के उपरान्त जब कभी भी मैं कोई भी शिवालय में गया, सदैव यही प्रार्थना करता रहा। परमात्मा की असीम कृपा से मुझे 2017 में पहली बार पड़ा. `सी मित्र राष्ट्र नेपाल में काठमाण्डू जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जुन 2017 की बात है, मैं अपनी धर्म पत्नी श्रीमती लक्ष्मी क्षेत्री के साथ पशुपतिनाथ मन्दिर काठमाण डू दर्शन के लिए गया। सौभाग्य से उस दिन मन्दिर परिसर में बिलकुल भी भीड़ नहीं थी। सम्पूर्ण दर्शन खुलकर करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। पशुपतिनाथ जी के शिवलिंग के ठीक सामने विशाल काय नन्दी भगवान विराजमान हैं। नन्दी जी के ठीक पीछे खड़े होने के लिए एक विशेष उपयुक्त स्थान है। उस स्थान पर खड़े होकर, ठीक नन्दी जी के दोनों सिंग और कान के बीच देखने पर शिवलिंग का रमणीय दर्शन होता है। मान्यता के अनुसार, उस स्थल पर खड़ा होकर नन्दी जी के कान व सिंग के बीच देखते हुए शिवलिंग से कोई भी मनोकामना करने पर वह मनोकामना पुरी होती है। ठीक उसी स्थल पर खड़ा होकर मैंने भगवान शिव से प्रार्थना अर्चना की तथा मनोकामना करी कि हे प्रभु! जल्द से जल्द काशी विश्वना. थ के उद्धार करने हेतु मेरी प्रार्थना–अर्चना स्वीकार कर आर्शीवाद प्रदान कीजिएगा।

यहाँ तक की सभी विवरण सत्य है। यह सब मेरे साथ घटित है। आगे जो भी घटना क्रम हुआ है, इसमे मेरा अंश बराबर भी योगदान नहीं है। लोह पुरुष भव्य काशी विश्वनाथ कोरीडोर का निर्माण हुआ। भव्य काशी विश्वनाथ मन्दिर का रमणीय निर्माण हुआ। सभी सनातनियों का सपना साकार हुआ। पुरोहित जी द्वारा उच्चारण किये हुए दिव्य वचन साकार व पूर्ण हुए। मैं पुरोहित जी के शब्द वचन के बोझ से मुक्त हुआ।

''सत–सत प्रणाम माननीय भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को। सत–सत प्रणाम माननीय उत्तर–प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को''। कोटी–कोटी प्रणाम।

च्याप्टर क्लोज

–पेम्वा यल्मो
हरिदास हड्डा दार्जीलिङ

तिमीलाई पनि मैले त मरिहत्ते गरेर निम्ताएको कहाँ हो र!
मुटुमाथि ढुँगा राखेरै पनि कहाँ हाँसेको हो र!
वज्रपात सँहदा सँहदा दुखीसकेको यो मन वहिष्कृत विचारहरु अपाहित मनहरु यति सजिलै टुसाँउन कहाँ सक्छ र
वेटुङ्गो र अर्थहीन सिद्धान्तहरुको न्यायिक मुल्यवोध हुन्छ भन्नू र वगर वगरमा नै थुप्रेको वालुवाहरुको महल वनाँउनु सायद एउटै एउटै अर्थ हो जस्तो लाग्छ।
खुशी किन्न जति सहज होला मुटु किन्न जति गाह्रो हुन्छ मुस्कान देखाउन जति सहज होला आँशुको मोल वुझ्न त्यति गाह्रो होला ।
तब पार्थक्य छुट्ट्याँउनलाई किन वहना चाहियो र।
जब तिमी आफै पार्थक्य भएको वोध गर्दैछौ। वरु वेअर्थको सम्झौता किन गरिरहनु र वरु लक्ष्यको हाँक किन देखाईरहनु र खुवै सहज र सरल उपाय त यो समयचेत र समाजचेतहीन विषयहरुको हामी ष्च्याप्टर क्लोजष गरौ न
वरु यो असमानताको र असमन्ज्यताकै यो निर्भीकताहीन र नपुंसकताहीनताकै पनि हामी ष्च्याप्टर क्लोजष गरौ न।
ताकि आँउदो पिढीले यसको इतिहाससम्म पढन नपरोस अन्याय र विषमताको खिल्ली नउडाँउन पनि नसकोस ।।

Failures Cannot be Permanent

Maj Habijung Gurung

When somebody told me that he has failed in his exams, my question is, "Is it a law that you will pass every time?"

When someone told me that my boyfriend broke up with me, my question is, "Is it a rule that you will have successful relationships everywhere?"

When somebody asked me why am I in depression, my question is, "Is it compulsory to have confidence all the time?"

When someone cried to me about his huge business loss due to his wrong decision, my question is, "Is it possible that you take all right decisions?"

The fact is our expectation that life has to be perfect/permanent is the biggest reason of our unhappiness.

One has to understand the law of impermanence of nature.

After each sunny day, there has to be a dark night, after each birth there have to be certain deaths, for the full moon to come again it has to pass through no moon. In this imperfection of nature, there is perfection.

So stop taking your failures and bad part of your life so personally or intensely, even God does not like to give you pain but its the cycle through which you have to pass.

Prepare yourself for one more fight after each fall because even failures cannot be permanent...!

YOGA

THE ULTIMATE SOLUTION

-Yogaguru Neha

The literal meaning of yoga is to join or to unite. According to yoga sutra, "The communion between soul and super soul is yoga". Here, soul represents individual soul and super soul represents ultimate soul or divine soul. Yoga is a science through which we can reach to the realization of soul within first and ultimately become one with super soul.



Yoga practice works on our physical level first then mental level, emotional level then intellectual level and ultimately on the spiritual level. Simply says that, 'the transformation of the life is yoga'. There are mainly four types of Yoga: Karma Yoga, Bhakti Yoga, Gyana Yoga and Raj Yoga. According to Maharishi Patanjali, there are 8 folds of yoga which includes: Yama (social code of conduct viz.), Satya (Being troughfull to self), Ahimsha (Observe nonviolence by action, speech & thought), Asteya (Non-stealing), Aparigraha (Non-hoarding) and Bramhacharya (Celibacy), Niyama (rules and regulations viz.), Sauch (Cleanliness), Santosh (Contentment), Tapa (endavour),

How to start?

It is never too late and you are never too old to start yoga practice. There are millions of asana, hundreds Pranayama and gentle yogic exercises that suits everyone irrespective of your age, cast, creed, religion etc. Start practicing as soon as possible. The Sooner you start, the better you get the result.

1. Yama is the first step to start. Yama purifies your behavior so that you can move ahead in the path of self transformation.
2. Niyama is to make you self-disciplined by following the different rules and regulations.
3. Asana is the physical training of your body. It covers all the systems of your body.
4. Pranayama is a process which purifies your body through breath. You can get excellent control over your breath with Pranayama. The result shows on your hormonal level. Gradually, it makes you stress free.
5. Pratayahara will tell you how to get control over your senses or greed of eating, watching, and smelling etc.
6. Dharana develops and improves your concentration through the different sankalpas. As the result, your inner ability expands in the outer world.
8. Samadhi is the higher stage of the spiritual achievements (The transformation of life).

It is a process which will take you to a divine journey.

73RD REPUBLIC DAY CELEBRATION

Shreejay Mall
Hamro Swabhiman Trust

A day of pride for every citizen of our nation, Republic Day is celebrated on 26th January every year. The celebration of this momentous occasion was organised by Patanjali, with cultural dance and various other performances. The Patanjali family is proud of the rich history of our nation and respects the sacrifices paid by the freedom fighters of India. The highlight of the event was the flag hosting done by Yog Rishi Param Pujya Swami Ramdev Ji Maharaj and Ayurved Shiromani Param Shraddhey Acharya Balkrishna Ji Maharaj followed by the parade

With the blessings of Yog Rishi Param Pujya Swami Ramdev Ji Maharaj and Ayurved Shiromani Param Shraddhey Acharya Balkrishna Ji Maharaj, Hamro Swabhiman also celebrated the day with their own functions. An **Online Elocution Competition** was organised to commemorate the day. The spirit of the competition was to pay respect towards our nation while learning more about our Gorkhali culture, their contribution and how it ties to the fabric of our nation. The competition commenced

and hosted by Hamro Swabhiman's National Coordinator Yog Guru Dr Mohan Karki, followed by the lightining of lamp by Assam's President and Hamro Swabhiman's trustee, Mr Narayan Khatiwara. To keep the competiton fair, people with plethora of knowledge and experience, namely Mr. Dil Bahadur Thapa, Mr. Om Prakash Basnet and Adv. Jitendra Chapagain were choosen as judes . General Secratary of Hamro Swabhiman Trust, Pujya Sadhvi Devaditi Ji shared her views, on her words " Competition not only helps in developing our personality but also lets us gain knowledge about our great history." The elocution was held in three main phases. The first being for ages 10 to 12, and the topic for them was- The contribution of Gorkhali/ Nepali community for India. For ages 13 to

16 the topic was 'Role of Nepali Culture in India's cultural background'. The last topic was 'How can Gorkhali/Nepali community be motivated for India and our community's development'. The program witnessed the active participation by the youth of our nation from different states. The program not only successfully patronized the feeling of nationalism in everyone's heart, but also made every one aware about the contribution of Indian

Nepali/Gorkhali speaking people towards nations building. The event went on for two hours and was much appreciated by all the participants and audience.

साक्षात्कार

42वें अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में पहुंचे आचार्य बालकृष्ण

भाषा और बोलियां हमारी ताकत : बालकृष्ण

स्वदेश के लिए पेरिस से सिद्धार्थ शंकर गौतम

भारत में हमारी भाषा, बोलियां और पहचान एक रूप में हमारी ताकत हैं। पर यह ताकत तब होगी जब उन माध्यमों से हम सृजन में लगें। पर ये हमारी कमजोरी बन जाती है। ऐसे ही हम राष्ट्रीय स्तर पर एक-दूसरे को जोड़ सकते हैं? एक उदाहरण है- चीन। चीन में कई प्रकार की बोलियां और भाषाएं हैं। पर राष्ट्रीय स्तर तो छोड़िए वैश्विक स्तर पर भी चीन ने अपनी चीनी भाषा को स्थापित कर दिया है। यह बात पंतजलि योगपीठ के आचार्य बालकृष्ण ने स्वदेश को दिए एक साक्षात्कार में कही। आचार्य बालकृष्ण 42वें अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में भारतीय प्रतिनिधित्व मंडल के सदस्य के रूप में फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंचे थे। इसी मौके पर आचार्य बालकृष्ण का साहित्य, संस्कृति, योग और आध्यात्म विषय पर साक्षात्कार लिया गया।

प्रश्नः- आप पेरिस बुक फेयर में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। भारत इस पुस्तक मेले में अतिथि देश की भूमिका में हैं। आप इसे कैसे देखते हैं?

उत्तरः- यह एक अवसर है। अवसर है भारत को, भारतीयता की पहचान को फ्रांस के जनमानस के बीच में स्थापित करना। भारत और भारतीयता को यही हम दिखाना चाहते हैं तो यह एक बड़ा अवसर है और इसके माध्यम से लोग कल्पना के भारत को नहीं वरन वर्तमान के भारत को जान पायेंगे। यह हमारे ऊपर निर्भर है कि उस भारत के बारे में हम कितना बता पाते हैं? इन्होंने हमारे लिए दरवाजा खोला है पर उस दरवाजे के अंदर हम कौन सी चीजों से उस कमरे को सजाते हैं जिससे कि उनके मनोभाव में भारत के प्रति छवि हम बना सकते हैं। यह हमारे ऊपर निर्भर है। अतः इस अवसर का हमें लाभ उठाना चाहिए।

प्रश्नः- पतंजलि ने योग के माध्यम से क्रांति की ऐसी अलख जगाई की पूरा विश्व 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाता है। पेरिस में एफिल टावर के नीचे हजारों की संख्या में फ्रांसवासी योग करते नजर आते हैं। आपको क्या लगता है, यह भेड़चाल है या दुनिया वास्तव में योग को अपना रही है?

उत्तरः- देखिये, भेड़चाल तो तब होती जब कोई मजबूरी होती। यहां मजबूरी नहीं हैं। यहां तो स्वीकार्यता और भावना है और उसको हमने देखा है। उस स्वीकार्यता और भावना को जन आन्दोलन बनाना आपका और हम सबका काम है।

(संबंधित साक्षात्कार पृष्ठ सात पर...)

प्रथम पृष्ठ से जारी

फ्रांस के लोगों में भारत की संस्कृति को समझने की खासी ललक

प्रश्नः- पेरिस यूरोप का बड़ा सांस्कृतिक केंद्र रहा है। फ्रांस की क्रांति के बाद यूरोप ने इसका अनुसरण किया। यहां की और भारत की सांस्कृतिक विरासत में आपको क्या साम्य दिखा? दोनों देश एक-दूसरे से क्या सीख सकते हैं?

उत्तरः- पेरिस आने के बाद पिछले तीन दिनों में मैं लगभग 30 किलोमीटर पैदल चल चुका हूं। गाड़ी से यात्रा की बात करें तो लगभग 200-300 किलोमीटर की यात्रा कर चुके हैं। फ्रांस का जो ग्रामीण क्षेत्र है वहां का भ्रमण मैं कर चुका हूं। यहां की खेती, यहां का उद्योग, पर्यटन, संस्कृति आदि को मैंने अपने बौद्धिक स्तर से जानने-समझने का प्रयास किया है और यह पाया है कि फ्रांस को देने के लिये हमारे पास बहुत कुछ है और फ्रांस से सीखने के लिए भी हमारे लिए बड़ा अवसर है। सबसे बड़ी बात, संस्कृति के प्रति कैसे निष्ठा होनी चाहिए... मैंने इतने दिनों में एक स्थान ऐसा नहीं देखा जहां अंग्रेजी में कुछ भी लिखा हो। हर स्थान पर फ्रेंच भाषा का प्रयोग हुआ है। हां, लूव्र संग्रहालय जाते समय अवश्य एक स्मारक जिसे अमेरिकी सरकार ने बनवाया था उस पर अंग्रेजी भाषा में लिखा था। फ्रांस से भारत को यह सीखने की आवश्यकता है। हम जिस भी प्रांत में पैदा हुए उसकी भाषा-बोली पर गर्व होना ही चाहिए पर वैश्विक स्तर पर, राष्ट्रीय स्तर पर स्थापना की बात हो तो राष्ट्रीय भाषा को स्थापित करने का प्रयत्न हमें करना चाहिए। और जहां तक भारत से देने की बात है तो फ्रांस में योग के प्रति बहुत अभिरुचि है। आरोग्य के प्रति अभिरुचि है। हमें तत्काल प्रभाव से योग और आयुर्वेद पर एक विशेष कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है। साहित्य आदि उसका प्रथम चरण का कार्य करेगा। यहां के लोगों में भारत की संस्कृति को समझने की खासी ललक है। तो योग-आयुर्वेद आदि के माध्यम से भारतीय सनातन संस्कृति को हम इनकी जीवनशैली बना सकते हैं।

प्रश्नः- आचार्य जी, आपके साथ तीन दिन से हूं। आपने पेरिस में गोशाला ढूंढ ली। आप पेरिस के ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-बाड़ी देख आये। क्या आप यहां योग और आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार और उसके यहां स्थापित होने की संभावनाएं तलाश रहे हैं?

उत्तरः- यह बात सत्य है। हमारे जो सांस्कृतिक मूल तत्व हैं वे विश्वव्यापी हैं। और वैश्विक आवश्यकता को पूरा करने में अपनी महती भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए मैंने देखा, कृषि को, आधुनिक अनुसंधानपरक व्यवस्थाओं को, गोशाला को। भारत को हम डिजिटल एग्रीकल्चर और सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, जो हमारे प्रधानमंत्री जी का भी स्वप्न है और हम सभी भारतवासियों का भी स्वप्न होना चाहिए, को पूरा करने के लिए हमें प्रयास करना चाहिए। मैं विश्व में जहां कहीं भी जाता हूं, शहर की भीड़भाड़ से दूर ग्रामीण क्षेत्र ढूंढता हूं। यह तो शहरों में रहने वालों का प्रसन्नचित्त और कृदता-फांदता जीवन दिख रहा है न, वह अन्न से दिख रहा है। उसकी पूर्ति के लिए उस देश का क्या साधन है? महात्मा गांधी ने कहा था, हमारा देश गांवों में बसता है। मेरे हिसाब से सारी दुनिया ही गांव में बसती है। गांव न हों, खेत-खलियान न हों तो दुनिया नहीं बचेगी। मैं गांव से दुनिया को देखने का प्रयास करता हूं।

प्रश्नः- आप विश्व भ्रमण कर चुके हैं। आपने भारत की सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने में अपनी पूरी आयु लगा दी। ऐसे कई आयाम होंगे जहां अभी भी आपको लगता है कि आपकी कुछ कसर बाकी है। आपकी भविष्यगत योजनायें क्या हैं?

उत्तरः- योग वैश्विक स्तर पर पहुंच गया है किन्तु योग को वैज्ञानिक आधार देने की आवश्यकता है। दीर्घकाल तक यह स्वीकार्यता बनी रहे, एक वैज्ञानिक आधार के साथ, इसको प्रस्तुत करना होगा। आयुर्वेद के संदर्भ में लोगों की जिज्ञासाएं बनी हैं परन्तु आयुर्वेद को लोगों के जीवन के अपरिहार्य अंग बनाने के मामले में अभी हम सक्षम नहीं है। विविध प्रकार की भ्रांतियों और मान्यताओं के साथ-साथ बहुत बड़े-बड़े षड्यंत्र भी इस प्रयास में लगे हैं कि इन विधाओं का पुनर्स्थापन रोका जा सके। उस षड्यंत्र के किले को भी तोड़कर लक्ष्य साधना हमारा लक्ष्य है। यही लक्ष्य प्रत्येक देशवासी का बने यही हमारी कामना भी है और यह हम सबके लिए कमनीय भी है।

प्रश्नः- पूरे विश्व में कोरोना महामारी ने त्राहि मचाई किन्तु भारत को योग ने बचाया। प्राणायाम करने वाले इस विभीषिका के कम शिकार बने। वैश्विक बिरादरी भी इस सच को स्वीकार कर रही है। किन्तु एक बड़ा मेडिकल माफिया है जो नहीं चाहता कि भारत की इस प्राचीन सनातन पद्धति को दुनिया अपनाए। आपके मन में कहीं न कहीं यह भाव तो आता होगा?

उत्तरः- भाव नहीं आता। यह तो तथ्य और प्रमाण सब उपलब्ध हैं। हम सैकड़ों उदाहरण दे सकते हैं और एक सुनियोजित ढंग से पूरी योजना चल रही है। बड़ा मेडिकल माफिया नहीं, षड्यंत्र वैश्विक स्तर पर काम कर रहा है। जितना बड़ा षड्यंत्र इसको दबाने के लिए काम कर रहा है उतना बड़ा हमारा सिस्टम इसको उभारने के लिए नहीं कर रहा है। ये देवासुर संग्राम है। असुर आज भी मुंह बाये खड़े हैं और देव शक्तिविहीन हैं। तो देवों की शक्ति बढ़ेगी और असुर परास्त होंगे। वैदिक संस्कृति का पुनः उत्थान होगा जिससे विश्व का कल्याण होगा।

हाम्रो स्वाभिमान लखनऊ मे पूज्या साध्वी देवादिती जी का स्वागत एवं संगठ गठन बैठक

आयुर्वेद शिरोमणि परम श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज से हाम्रो स्वाभिमान के अन्य राज्यों के सदस्य आशीर्वाद प्राप्त करते हुए

हाम्रो स्वाभिमान सिक्किम द्वारा आयोजित बैठक

हाम्रो स्वाभिमान मेरठ में कार्यक्रम

हाम्रो स्वाभिमान असम की बैठक

Ruchi
Soya Industrries Ltd.

PATANJALI®

Acharyakulam

A Vaidic Co-Educational Residential School Affiliated to CBSE

SESSION 2022 - 2023

ADMISSIONS OPEN

Registration@
www.acharyakulam.org

Registration Fee : Rs. 1250/-

Entrance Test 'Samvaad'

FOR CLASS XI(BOYS & GIRLS)

Day & Date:
Sunday, June 5, 2022

Time :
10:00am - 12:00 noon

VENUE:
Acharyakulam
P.O. Patanjali Yogpeeth
Near Patanjali Yogpeeth Phase - I
Haridwar - 249405

ENQUIRE AT :
info@acharyakulam.org
Call : 01334 273400 | 8954890253 | 8954890551